फा.सं.ई-शासन/3/2024-ई-समन्वय

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संविधान सदन,
नई दिल्ली-110001
तारीख: /10/2024

कार्यालय ज्ञापन

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में सितंबर, 2024 का मासिक सारांश।

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ संसदीय कार्य मंत्रालय के सितंबर, 2024 माह के मासिक सारांश की एक प्रति अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

(पी.के. त्रिपाठी)
अवर सचिव, भारत सरकार
011 -23034746

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आज़ाद रोड़, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**भारत सरकार**
**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय का सितंबर, 2024 का मासिक सारांश।**

1. **माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:-**

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

  सितंबर, 2024 के अंत में, लोक सभा के 914 और राज्य सभा के 605 आश्वासन लंबित थे। माह के दौरान, लोक सभा की सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के कहने पर 88 आश्वासन जोड़ें गए।

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

  क. 6 सितंबर, 2024 को दिल्ली के स्कूलों के लिए 56वीं युवा संसद प्रतियोगिता, 2023-24 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

  ख. 11 सितंबर, 2024 को माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा पोर्टल आधारित राष्ट्रीय युवा संसद योजना का नया संस्करण अर्थात एनवाईपीएस 2.0 शुरू किया गया।

  ग. 11 सितंबर, 2024 को माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता की नई योजना शुरू की गई।

  घ. 25-26 सितंबर, 2024 को मुन्नार, केरल में विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के लिए 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 का अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

  ङ योजना को निरन्तरता प्रदान करने के लिए एनवाईपीएस 2.0 पोर्टल पर पंजीकरण और विवरण अपलोड करने की समय-सीमा को हटाने का निर्णय लिया गया।

  च. एनवाईपीएस 2.0 पोर्टल के प्रतिभागियों को सहायता प्रदान करने के लिए एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

  छ. सितंबर 2024 माह में,एनवाईपीएस पोर्टल पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों/समूहों से कुल 1402 नए पंजीकरण किए गए।

- **लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में नियम 180ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों की स्थिति निम्नानुसार है:-

| | **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामले** |
|---|---|---|
| दिनांक 01.09.2024 को लंबित मामले | 375 | 264 |
| माह के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल मामले | 375 | 264 |
| माह के दौरान प्राप्त उत्तर | 131 | 051 |
| माह के अंत में लंबित मामले | **244** | **213** |

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

सितंबर, 2024 के दौरान नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की गईं:

**(1) 11 सितंबर, 2024 को नेवा 2.0 का लोकार्पण**

100 दिवसीय कार्य योजना के हिस्से के रूप में, संसदीय कार्य मंत्रालय ने 11 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) और नेवा मोबाइल ऐप के अद्यतित संस्करण नेवा 2.0 का लोकार्पण किया। माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रीजीजू ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की।

**(2) नेवा की मध्यावधि समीक्षा पर नीति आयोग और ग्रासरूट्स रिसर्च एंड एडवोकेसी मूवमेंट (ग्राम) की बैठक**

- नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के मूल्यांकन के लिए ग्रासरूट्स रिसर्च एंड एडवोकेसी मूवमेंट (ग्राम) को अनुबंध प्रदान किया गया। 17/09/2024 को ग्राम को एक अनुबंध पत्र जारी किया गया और मध्यावधि मूल्यांकन के मापदंडों को निर्धारित करने के लिए 20/09/2024 को नीति भवन में नीति आयोग, संसदीय कार्य मंत्रालय और ग्राम के बीच एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई।

- 7 सितंबर और 30 सितंबर 2024 को ग्राम के अधिकारियों के लिए नेवा के विभिन्न मॉड्यूलों पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

**(3) पंजाब की राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) की बैठक**

19 सितम्बर, 2024 को पंजाब राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक आयोजित की गई।

**(4) राज्यों के विधानमंडलों और अन्य हितधारकों के साथ आभासी बैठक**

- 13 सितंबर, 2024 को आयोजित एक आभासी बैठक में गुजरात विधानसभा ने नेवा के रिपोर्टर मॉड्यूल के लिए उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर और उन्नत बनाने के सुझाव दिए।
- नेवा परियोजना के तहत भाषिणी द्वारा प्रदत्त अनुवाद सेवाओं में सुधार के लिए भाषिणी के साथ 17 और 18 सितंबर, 2024 को दो आभासी बैठकें आयोजित की गईं।

**(5) नेवा के माध्यम से आयोजित किए गए लाइव सदन सत्र**

- ओडिशा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 20 अगस्त से 11 सितम्बर, 2024 तक आयोजित किया गया।
- पंजाब विधानसभा का शीतकालीन सत्र 02 सितम्बर से 04 सितम्बर, 2024 तक आयोजित किया गया।
- त्रिपुरा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 04 सितम्बर से 06 सितम्बर, 2024 तक आयोजित किया गया।

**(6) क्षमता निर्माण उपाय**

- 2 सितंबर, 2024 को उत्तराखंड विधानसभा में नेवा के कार्यसूची और डिजिटल सदन मॉड्यूल का प्रदर्शन दिया गया।
- 24 सितंबर, 2024 को नेवा एप्लिकेशन में अनुकूलन के लिए उत्तराखंड विधानसभा के साथ एक आभासी बैठक आयोजित की गई।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले

   -शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन हेतु स्वीकृति' के मामलों की संख्या

   -शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

   -शून्य-

5. जारी स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)

   गतिविधियां संचालित की जा रही हैं और नियमित रूप से निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति

इस मंत्रालय के तत्वावधान में कोई स्वायत्त निकाय नहीं है।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल और अनुप्रयोगों के उपयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी

- लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति

वर्तमान में मंत्रालय में वरिष्ठ स्तर के सभी पद भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-